# अवैध वाटर पार्क में किन्नर का अश्लील डांस

## पुलिस ने वायरल वीडियो की शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बिना अनुमति संचालित हो रहे वॉटर पार्क एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में स्विमिंग पूल के किनारे किन्नर द्वारा फूहड़ गानों पर डांस करते हुए देखा जा सकता है, जबकि पूल में मौजूद युवक मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, भीषण गर्मी के चलते अमरोहा शहर के आस-पास कई स्थानों पर बिना अनुमति वॉटर पार्क का संचालन किया जा रहा है। जिनमें बाकायदा फैमिली की बुकिंग भी हो रही है। बीते साल इन वॉटर पार्क में कई हादसे भी सामने आए थे। जिनके बाद हरकत में आई पुलिस द्वारा अवैध वॉटर पार्क का संचालन बंद करा दिया गया था लेकिन इस साल फिर यह वॉटर पार्क बेरोकटोक धड़ल्ले से चल रहे हैं। मोटा मुनाफा कमाने के लिए संचालक नई-नई स्कीम दे रहे हैं। फैमिली के लिए बुकिंग करने पर अलग रेट हैं तो वहीं युवाओं की चौकड़ी के लिए घंटों के हिसाब से अलग दाम तय हैं। इसी बीच कुछ संचालकों ने युवाओं को अपनी तरफ लुभाने के लिए बिल्कुल नया तरीका ईजाद किया है। उनके द्वारा किन्नरों को बुलाकर स्विमिंग पूल की बेस पर परफॉर्म कराई जा रही है। इसका खुलासा इंस्ट्राग्राम से वायरल एक वीडियो ने किया है। जिसमें नीचे पूल में मौजूद लड़के पूरी मस्ती में झूमते नजर आ रहे हैं जबकि बेस पर टीशर्ट और शॉर्ट पहने एक किन्नर अश्लील डांस कर रहा है। फूहड़ गानों पर पानी की मस्ती के बीच ठुमकों का तड़का लगाया जा रहा है। वीडियो देखकर सोशल मीडिया पर लोग हैरान हैं। कुछ लोग जहां युवकों से इन वॉटर पार्क में जाने से मना कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो वॉटर पार्क संचालकों की हिमायत में उतर आए हैं। बहरहाल, पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है जो अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में बंबूगढ़ इलाके में संचालित होना बताया जा रहा है। सीओ अवधभान ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

# बिजली संकट के विरोध में गरजी आप

## प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट, अघोषित कटौती, महंगी बिजली दरों और स्मार्ट मीटर की कथित गड़बड़ियों के विरोध में आम आदमी पार्टी ने गांधी मूर्ति चौराहे पर प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

शुक्रवार को आप कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा जोरद प्रदर्शन किया। इंजीनियर मोहम्मद हैदर ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच प्रदेश की जनता बिजली संकट से जूझ रही है। कई स्थानों पर लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आमजन, किसान, व्यापारी और विद्यार्थी परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगी बिजली दरें वसूलने के बावजूद उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली नहीं मिल रही है। जिला प्रभारी मोहम्मद आमिर ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की खामियों के कारण आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, जिलाध्यक्ष कुशल कुमार चौधरी ने सरकार पर जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। वक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों में गलत रीडिंग और बढ़े हुए बिलों की शिकायतों का भी मुद्दा उठाया तथा निष्पक्ष जांच की मांग की। इस मौके पर रियाज अहमद, नफीस अहमद, अमर सिंह खागी, अमर सिंह फौजी, मुरारी लाल मौर्य, हुक्म सिंह, हारिस मंसूरी, शावेज खान, अब्दुल समद, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद फरीद, विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# 25 दिन में मिले गैस सिलेंडर



## सपा नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौगांवा सादात घरेलू गैस सिलेंडरों की रीफिलिंग में हो रही देरी को लेकर उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गैस सिलेंडर की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नौगावां सादात शहरी क्षेत्र की श्रेणी में आता है, जहां घरेलू गैस सिलेंडर की रीफिलिंग 25 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए करीब 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि गैस आपूर्ति में हो रही देरी के कारण आम नागरिकों, विशेषकर बड़े परिवारों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में हाजी जुल्फेकार अली, हाजी नसरूद्दीन, हाजी महशर अली, हाजी शमशाद, हाजी कयामुद्दीन, हाजी शराफत, इब्ने हसन, शाहनवाज, इन्द्रजीत सिंह, शिवम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सभासद समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**गजरौला**। नगर के बुध बाजार में परचून दुकान के संचालक को पूर्व सभासद समेत दो लोगों के विरूद्ध गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दुकानदार ने दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुकानदार मनोज गर्ग का कहना है कि, वह 22 मई को दुकान पर बैठे थे। आरोप है कि इस दौरान बंटी समेत दो युवक उनकी दुकान पर आए। कहने लगे कि तू अमित की बहुत शिकायत कर रहा है और ईंट बेचने की भी झूठी शिकायत की है। आरोपियों ने मनोज गर्ग के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने दुकान के भीतर घुसकर अपनी जान बचाई। दुकानदार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पूर्व सभासद अमित व बंटी निवासी बुध बाजार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# खून की उल्टी होने से होमगार्ड की मौत



**हसनपुर**। तहसील में तैनात एक होमगार्ड की अचानक तबीयत बिगड़ने से असामयिक मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान ग्राम पीठखेड़ा निवासी करीब 55 वर्षीय राजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। इस घटना से उनके परिवार और पूरे गांव में गहरा दुख और सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों के मुताबिक, राजेंद्र सिंह गुरुवार देर रात करीब 12 बजे अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौटे थे। और भोजन करने के बाद आराम करने चले गये थे। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे जब वह शौच के लिए उठे, तो उन्हें अचानक तेज खांसी आई और खून की उल्टियां शुरू हो गईं। परिवार के लोग घबराकर उन्हें तुरंत एक निजी चिकित्सक के पास ले गये। लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई वीरपाल ने बताया कि उन्हें पहले से कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। नि:संतान राजेंद्र सिंह अपने पीछे शोकाकुल पत्नी सर्वेश देवी को छोड़ गये हैं। ग्रामीणों के अनुसार वह बेहद मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे।

## हाशमी लॉ कालेज में पौधारोपण

**अमरोहा**। पर्यावरण दिवस के हाशमी लॉ कालेज में प्राचार्या डा. राना परवीन व डा. बुरहान उद्दीन हाशमी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कालेज का स्टाफ मौजूद रहा।

# पयार्वरण दिवस पर पौधे रौंपकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सरकारी व प्राईवेट कार्यालयों एवं संस्थानों, औद्योगिक इकाईयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा एवं उनके पुत्र प्रमोद कुमार ने नगर के डंपिंग ग्राउंड में

### ■ पेड़-पौधे ही प्रदान करते हैं प्राण वायु: चेयरपर्सन

### ■ जुबिलेंट में क्षेत्रीय अधिकारी ने रौंपे पौधे

पौधारोपण किया। कहा कि पेड़-पौधे और वनस्पति ही हमें जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, साथ ही हरियाली ही पृथ्वी का आभूषण है। इस मौके पर ईओ ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश अग्रवाल, ललित कुमार, चंद्रपाल सिंह, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र पाल, शिवम सिंघल आदि मौजूद रहे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जुबिलेंट इनग्रेविया लिमिटेड परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत नीम, बरगद, शीशम आदि के पौधे रौपे गए। मुख्य अतिथि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी गिरीश चंद्र आर्य ने जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के संग पौधे लगाए। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर पराग गोयल, विनय शुक्ला, एनके अग्रवाल, अमित पांडेय, सुनील ए सिंह, सीएसआर से विशाल गौरव, डा. सैय्यद बिलाल अहमद, फाल्गुन शरण, चंद्रकांत, देवेंद्र पंवार, विनय कुमार द्ववेदी, अजय कुमार,राहुल सिंह, चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं जुबिलेंट एग्री एंड कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड में चीफ ऑफ मैन्यूफेक्चरिंग जगत शर्मा एवं यूनिट हेड देवेंद्र बंसल ने पौधारोपण किया। यहां के अलावा नगर की उमंग डेयरीज लिमिटेड, बेस्ट क्रॉप साईंस प्राईवेट लिमिटेड, निर्मल फाइबर, रौनक गियरटेक आदि में भी पौधारोपण किया गया।



गजरौला। पौधारोपण करतीं चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा।



गजरौला। जुबिलेंट में पौधारोपण करते मुख्य अतिथि।

## ब्लाक प्रमुख ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोराला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आशा चंद्र ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए बेहद आवश्यक हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने लोगों से पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनीता, धर्मेंद्र प्रधान, जोगिंदर सिंह, कविंद्र सिंह, रोहित गिल, विजयवीर सिंह, प्रिया दीप सिंह एवं शिखर दीप सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## अमर सिंह कालेज में हुआ पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर स्थित अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद दोनों ने कॉलेज परिसर में पारिजात का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस वर्ष की थीम प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिये, हमारे भविष्य के लिये पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि पर्यावरण संकट अब सीधे मानव जीवन और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। इस दौरान डॉ. रूपा, निसार अहमद, योगेश त्यागी, शिवा सैनी, नरगिस, सोनाक्षी शर्मा, समरपाल सिंह, राजाराम सिंह, जितेंद्र सिंह, अर्शी परवनी समेत कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# धोखे से लिखवाया भूमि का बैनामा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक किसान द्वारा एक व्यक्ति को साढ़े पांच बीघा भूमि बेचने के बाद लिए गए चैक बांउस हो गए और बदले में ली गई 11 बीघा भूमि भी कैंसिल हो गई। किसान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बलदाना असगर अली निवासी अजयराज सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने वर्ष 2018 में उदय सिंह पुत्र बलवन्त सिंह निवासी ग्राम भोवापुर तहसील धौलाना जनपद हापुड़ को गाटा संख्या 2 से कराया था। इसके बदले में उदय सिंह ने 11 बीघा भूमि और 16 लाख रूपये के चेक दिए थे। कुछ समय बाद जब चेक लगाकर देखे तो वह भी बाउंस हो गए थे तो वहीं वह जमीन भी कैंसिल हो गई थी। उसी समय तहसीलदार को पूरा हवाला खोलते हुये आपत्ति दर्ज कराई थी, तब से लेकर अब तक न तो अजयराज सिंह को भुगतान मिला है और न ही जमीन मिली है। हालांकि उसने कई बार उदय सिंह से सम्पर्क करने का प्रयास किया मगर उसने रकम या भूमि देने से साफ तरीके से इंकार कर दिया। जिसके बाद अजय ने पुलिस को तहरीर दी। अपराध निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी उदय सिंह के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मां के नाम एक वृक्ष अभियान के तहत पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को वेव शुगर मिल धनौरा परिसर में "मां के नाम एक वृक्ष" कार्यक्रम के तहत फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक जगतवीर सिंह ने ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हरि मोहन त्रिपाठी की मौजूदगी में जामुन, आम, लीची, किन्नू, अमरूद और आंवला के पौधे लगाए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मिल के प्रोसेस मैनेजर डीपी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## वार्डो के चलाया जाएगा सफाई अभियान: प्रवीण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद के सभागार में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 को लेकर विशेष बैठक हुई। इसमें सभासदों और पालिका कर्मचारियों को कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग डिब्बों में डालना जरूरी है। इसके लिए चार बिन व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रवीण कुमार अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, कुमारी आरती शर्मा, शिवानी अग्रवाल, सफाई प्रभारी कृष्ण कुमार, सभासद दुलीचंद गिहार, अंशुल, राजू बादशाह, सरस्वती, किशन लाल, देशराज सैनी, अनवार, सतीश कुमार, अफजाल, इरशाद, बाबू और राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# एनएचएआई की टीम ने हाइवे पर अवैध कट बंद कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे सिक्सलेन है। हाईवे पर बने अवैध कट हादसों का कारण बन रहे हैं। सबसे ज्यादा अवैध कट होटल व ढाबों के सामने सड़क पर मिट्टी डालकर बनाए गए हैं। कटों से निकलकर अचानक से वाहन हाईवे पर आ जाते हैं। जिससे तेज रफ्तार वाहन अचानक से अनियंत्रित होक जाते हैं और हादसा हो जाता है। शुक्रवार को एनएचएआई की टीम जेसीबी लेकर शुक्रवार को हाईवे पर पहुंची तथा मिट्टी डालकर बनाए गए अवैध कटों को बंद करवाने लगी। इसी बीच वहां आसपास के होटल संचालक इकट्ठा हो गए तथा अवैध बंद होने का विरोध करने लगे। होटल संचालकों का कहना था कि कट बंद होने से उनके प्रतिष्ठानों तक ग्राहकों को आने-जाने में परेशानी होगी, जिससे उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सूचना मिलने पर पहुंची सीओ अर्जंलि कटारिया ने होटल संचालकों को किसी तरह समझाया तथा अवैध कट बंद होने का काम शुरू कराया। टीम ने मिट्टी डालकर बनाए गए सभी अवैध कटो को बंद करा दिया। वहीं होटल कारोबारियों का कहना है कि ग्राहकों के आने जाने के लिए बीच बीच में वैध कट दिए जाएं।



## नारेक्स में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विश्व पर्यावरण दिवस पर नारेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गुरुवार को वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम इस वर्ष की थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए पर आधारित रहा। कंपनी परिसर एवं डिस्टिलेशन यूनिट्स में कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाकर पौधारोपण किया। जैव विविधता संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए फीडर भी लगाए गए। वहीं बिहापुरी, मुनीमपुरा, मरगूबपुर और धोयती गांवों में ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान एवं वृक्षारोपण किया गया। अभियान में महिपाल सिंह, लटूर सिंह, लेखराज सिंह, सतवीर सिंह, सोनू सैनी, जितेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, कमल सिंह, परम सिंह, गजराम सैनी, होमपाल सिंह, राधे सैनी, राजपाल सिंह, सुनील कुमार, दुर्गा सैनी और नरेश यादव समेत अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

# वॉरियर्स ने ईगल्स को 14 रन से चटाई धूल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सोहरका रोड स्थित लाला नत्थूमल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित युवा क्रिकेट स्कॉलरशिप टूर्नामेंट का आगाज बेहद रोमांचक रहा। पहले ही मुकाबले में वॉरियर्स ने ईगल्स को 14 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

वॉरियर्स का स्कोर: टॉस जीतकर पहले खेलते हुए वॉरियर्स ने 30 ओवरों में 2 विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर बनाया। स्टार बल्लेबाज शोएब ने महज 76 गेंदों में 117 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेल डाली। जबकि माधव गुर्जर ने 57 रनों का अहम योगदान दिया। 251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईगल्स की शुरुआत दमदार रही। यश कुमार ने मात्र 83 गेंदों में 151 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मैच को रोमांचक बना दिया। भास्कर ने भी 25 रन जोड़े, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने के कारण ईगल्स की टीम 30 ओवरों में 9 विकेट पर 236 रन ही बना सकी। स्टेडियम के कोच मयंक प्रताप ने बताया ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण और क्षेत्रीय बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें भविष्य के लिए एक बेहतरीन मंच और अवसर प्रदान करते हैं। पहले ही मैच में दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल जीत लिया और आने वाले मुकाबलों के लिए रोमांच का पारा सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है।

**शाह टाइम्स**

सभी प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें

**नासिर अली, ब्यूरो चीफ**

कार्यालय- मौहल्ला नल, निकट पानी की टंकी, अमरोहा

**9927099499**

## खोया-पाया

मेरा मूल बैनामा गाटा संख्या 35 व 36 जिल्द सं0-6466, प्रष्ठ संख्या 363 से 424 क्रमांक-5671 पर 11/04/2019 को तहसील धनौरा जिला अमरोहा में पंजीकृत है, जो दिनांक 15/05/2026 को कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें।

**सोमवीर सिंह पुत्र श्री शिवचरन सिंह,**
निवासी मौह.-जवाहर नगर, गजरौला
(जिला अमरोहा)

# दहेज हत्या के दोषी पति को उम्रकैद की सजा

## कोर्ट ने आठ हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले में अदालत ने पति को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

दरअसल, बिजनौर जिले के रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव नारायणवाला निवासी श्रीराम सिंह ने अपनी बेटी सोनी का विवाह 6 अप्रैल 2018 को रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव महेश्वरा निवासी सुरेश से किया था। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग सोनी पर दहेज में दो लाख रुपये नकद और बुलेट दिलाने का दबाव बनाने लगे थे। विरोध करने पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के बीच उसके साथ मारपीट करते थे। इसी बीच तीन दिसंबर 2023 को सोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। मामले में मृतका के पिता श्रीराम सिंह ने पति सुरेश के अलावा उसके बहनोई सुंदर सिंह निवासी अतरासी कलां और जयवीर सिंह निवासी अहरौला थाना मंडी धनौरा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। ठोस सबूत नहीं मिलने पर विवेचक ने सुंदर सिंह और जयवीर सिंह का नाम निकाल दिया था। पति सुरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा उसके खिलाफ ही अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र गर्ग द्वारा की जा रही थी। गुरुवार को हुई सुनवाई में पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत पति सुरेश को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को सजा के प्रश्न पर हुई सुनवाई में उम्रकैद की सजा सुनाई तथा आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

# पीड़ितों को थाने में दी थर्ड डिग्री

## एसपी कार्यालय पर ग्रामीणों ने हंगामा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा देहात थाना पुलिस पर चोरी के आरोप में दो युवकों को थाने लाकर पटे से पीटने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने गांव और समाज के लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि पुलिस की पिटाई से एक युवक की हालत इतनी खराब है कि वह खुद से चल भी नहीं पा रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि चोरी उनके घर हुई थी, लेकिन पुलिस ने उन्हीं के बेटों को पीटा। फिलहाल, एसपी ने पीड़ित परिवार को मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रामहट का है। पीड़ित अशोक कुमार पुत्र चरण सिंह के अनुसार, उनके घर 3 जून की रात दीवार काटकर चोरी हुई थी। चोर 25 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण ले गए थे। अशोक कुमार की बेटी की शादी आगामी दिनों में होनी है, जिसके लिए घर में शादी का सामान भी खरीद कर रखा गया था।शुक्रवार को ग्रामीणों और सैनी समाज के लोगों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि देहात पुलिस ने पहले चोरी के शक में गांव के एक युवक को उठाया और पैसे लेकर छोड़ दिया। बाद में पुलिस ने उनके दोनों बेटों अमित और दिनेश को उठाया और उनकी पिटाई की।इस संबंध में सर्किल सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि युवकों को चोरी के मामले में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। उन्होंने मारपीट के आरोपों को गलत बताया और कहा कि पूछताछ के बाद उन्हें तुरंत छोड़ दिया गया था। ज्ञापन देने वालों में राम सिंह सैनी, मंगतराम सैनी, विनोद कुमार, संतराम, सोमपाल, अमित, अशोक, पिंटू, रामवीर, हरभजन, मीना, रूकमणि, रामप्यारी आदि मौजूद रहे।

# बालू से भरी ट्रॉली पकड़ने पर होमगार्डों से अभद्रता

## चार नामजद समेत कई अन्य पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर की झील में अवैध बालू खनन का मामला सामने आया है। जिला खनन अधिकारी की टीम ने छापेमारी कर बालू से भरी ट्रॉली पकड़ ली, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोप है कि बाद में कुछ लोगों ने ट्रॉली को रास्ते में रोककर होमगार्डों के साथ अभद्रता की। चार नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामला डिडली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर के जंगल का है। यहां पर स्थित झील में माफिया अवैध रूप से बालू का खनन करते हैं। मामला 28 मई की रात का है। जिला खनन अधिकारी केवी सिंह को रात 10 बजे सूचना मिली थी कि कुछ लोग पूरनपुर की झील में अवैध खनन कर रहे हैं। वह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां से बालू लदी एक ट्राली पकड़ ली। जबकि आरोपित फरार हो गए थे। ट्राली पकड़ कर खनन अधिकारी चले आए तथा टीम में शामिल दो होमगार्ड के साथ एक कर्मी से ट्रैक्टर-ट्राली कोतवाली लाने को कहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव श्यौनाली निवासी अफसर, इशरत अली, अलमर जहां व हनीफ अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे तथा ट्राली रोक ली। होमगार्ड ने विरोध किया तो उनके साथ अभद्रता की। दोनों होमगार्ड ने केवी सिंह को सूचना देकर घटना से अवगत कराया। जिस पर बाद में थाने से अतिरिक्त फोर्स भेजा गया। पुलिस को देख कर आरोपित फिर फरार हो गए थे। जांच में सामने आया है कि झील श्रेणी की भूमि से करीब 820 घनमीटर बालू का अवैध खनन एवं परिवहन किया गया। इस मामले में पुलिस ने जिला खनन अधिकारी की तहरीर पर अफसर, इशरत अली, अलमर जहां व हनीफ को नामजद किया गया है। अज्ञात पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# विवाहिता के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को पैदल मार्च

## बीते दिन घर में फांसी पर लटका मिला था विवाहिता शव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। एक नवविवाहिता प्रतिभा उर्फ पिंकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश और उबाल है। परिजनों और स्थानीय लोगों का सीधा और रोंगटे खड़े कर देने वाला आरोप है कि 3 दिन पहले ग्राम शाहपुर कलां में प्रतिभा उर्फ पिंकी को उसके ससुराल वालों ने पहले बेरहमी से प्रताड़ित किया। फिर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं, पाप को छिपाने के लिए शव को फांसी पर लटकाकर इसे आत्महत्या का रूप देने की खौफनाक साजिश रची गई।

इस खौफनाक वारदात के बाद मायके वालों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। मायके वालों ने ग्रामीणों की भारी भीड़ के साथ कोतवाली तक शांति के साथ पैदल मार्च निकाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गये पत्र में ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने स्थानीय हसनपुर कोतवाली पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाये हैं। मृतका की चाची का आरोप है कि पुलिस मामले को दबाने और जांच में ढिलाई बरतने की कोशिश कर रही है। पीड़ित परिवार और न्याय की मांग कर रहे ग्रामीणों ने यूपी सरकार से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाये। पुलिस ने इस मामले में पति सास ससुर समेत 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस का कहना है पति सोनू व ससुर चेतराम को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है। बाकी अन्य आरोपियों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया जायेगा।

### खम्भे में उतरे करंट से बैल की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव खेलिया पट्टी में बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई। पशुपालक सुरेश पुत्र सोमपाल ने कुछ ग्रामीणों पर बिजली के खंभे का सुरक्षा बॉक्स खोलकर ले जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इसी वजह से खंभे में करंट उतर आया। विरोध करने पर आरोपितों द्वारा गाली-गलौज और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

# दिल्ली में छत से गिरकर कारपेंटर की मौत

## गांव में पसरा मातम, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** दिल्ली में काम के दौरान तीसरी मंजिल से गिरकर कारपेंटर की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव बहादरपुर मिश्र निवासी कादिर पुत्र रफीक पिछले करीब पांच वर्षों से दिल्ली में रहकर कारपेंटर का कार्य कर रहा था। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए वह मेहनत-मजदूरी कर अपने घर की आर्थिक जिम्मेदारियां संभाल रहा था। बताया जाता है कि ईद-उल-अजहा का त्योहार परिवार के साथ मनाने के बाद वह दोबारा दिल्ली लौट गया था। गुरुवार देर शाम दिल्ली के करोल बाग स्थित एक निजी अस्पताल में कादिर तीसरी मंजिल पर एग्जॉस्ट फैन लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रात में ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों को छोड़ गया है। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के सामने अब परिवार के पालन-पोषण और बेटियों के भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार कादिर मेहनती, मिलनसार और जिम्मेदार युवक था। उसकी अचानक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। शुक्रवार को दिनभर गांव और आसपास के क्षेत्रों में इसी हादसे की चर्चा होती रही। खबर लिखे जाने तक मृतक का शव गांव नहीं पहुंचा था।

## एक नजर

### लाठी-डंडो से पीटकर भाई को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव पोरारा में पारिवारिक विवाद के चलते सगे भाइयों के बीच मारपीट हो गई। गांव निवासी ओमपाल पुत्र शंकर ने आरोप लगाया कि शुक्रवार दोपहर किसी बात को लेकर हुए विवाद में उसके भाई ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके सिर और हाथ में चोटें आईं। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कराया। घायल ने उपचार के बाद थाना रहरा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पर्यावरण दिवस पर द आर्यन्स में जागरुकता कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर द आर्यन्स, जोया में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में पौधारोपण से हुई। विद्यार्थियों ने ग्रीन सेल्फी अभियान, प्रश्नोत्तरी और अनुपयोगी वस्तुओं से रचनात्मक सामग्री तैयार करने जैसी गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक के कम उपयोग का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का समापन स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य के उद्घोष के साथ हुआ।

# दस सालों से युवती के साथ कर रहा जबरन बलात्कार

## युवती ने गांव के दबंग पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। यहाँ एक युवती ने गाँव के ही दबंग युवक पर नाबालिग उम्र से लगातार बलात्कार करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का संगीन आरोप लगाया है।

हैरान करने वाली बात यह है कि इस घिनौने खेल में आरोपी की पत्नी भी शामिल थी। पीड़िता के मुताबिक जब वह नाबालिक थी आरोपी उसके साथ पिछले 10 वर्षों से जबरन बलात्कार कर रहा है। बीते 12 मई की रात आरोपी की पत्नी उसे अश्लील वीडियो डिलीट कराने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने घर ले गई। जैसे ही युवती कमरे में पहुंची आरोपी की पत्नी ने उसे अंदर धकेल कर बाहर से कुंडी लगा दी। अंदर पहले से घात

**युवती ने वीडियो वायरल कर लगायी इंसाफ की गुहार**

लगाये बैठे आरोपी जावेद ने पीड़िता के साथ जबरन दोबारा दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि मनौटा चौकी पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की, जिसके बाद अब उसने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवती ने वीडियो को वायरल कर इंसाफ करने की गुहार लगाई है।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिले 18 हजार वेतन

## मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** संविदा कर्मियों ने हटाए गए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पुन: बहाल करने तथा मासिक वेतन 18 हजार रुपये सुनिश्चित् करने की मांग को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को उप्र पावर कॉर्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन द्वारा बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया गया है, जिससे विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है। कर्मचारियों का आरोप है कि स्टाफ की कमी के कारण कार्यरत कर्मियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि हटाए गए कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर वापस लिया जाए तथा पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा सभी कर्मचारियों को निर्धारित 18 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए। संघ ने कार्यस्थलों पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु तक कार्य करने की अनुमति देने तथा उनकी अन्य लंबित समस्याओं का समाधान कराने की भी मांग की। इस दौरान हेमराज सिंह, योगेश कुमार, विनोद कुमार, मुकुल, रमेश चंद्र, रामावतार, राहुल, चंद्रवीर सिंह, तनवीर, जुबेर, सुमित कुमार, शोभित यादव, कमल सिंह, सुभाष, श्रीपाल सिंह, राहुल, जगत सिंह, नितेश कुमार, मोहम्मद असलम, नीरज, मदन सिंह, सुरेंद्र, महावीर, अंकुश, सहदेव, अर्जुन, अतुल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण करें पौधारोपण: चेयरमैन



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन ने नगरवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। गुरुवार को नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा संचालित गौशाला परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन ने सभासदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधे रोपित किए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पृथ्वी का अस्तित्व बनाए रखने के लिए वृक्षों और प्रकृति का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में पालिका के सभासद, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जुलूस में मौला अली की सदाएं हुई बुलंद

## ईद-ए-गदीर पर निकला अकीदतमंदों का जुलूस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** ईद-ए-गदीर के मौके पर शुक्रवार को कस्बे में जुलूस निकाला गया। फिजा में दिनभर या अली-या अली की सदाएं गूंजती रहीं। मौला अली की ताजपोशी को लेकर घर-घर जश्न का माहौल रहा। मौला अली सोसाइटी के संयोजन में जुलूस की शुरुआत दोपहर 2 बजे इमाम बारगाह हाजी मोहम्मद बाकिर से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इससे पहले इमाम बारगाह में महफिल का आयोजन किया गया। कारी अकबर अली ने तिलावते कुरआन-ए-पाक से आगाज किया। नात-ए-पाक के बाद राकिम नौगांवी, गौहर नौगांवी व अन्य शायरों ने मौला अली की शान में कलाम पेश किया। इसके बाद मौलाना सफदर बाकरी ने गदीर के दिन की फजीलत के साथ ईद-ए-गदीर के अरकान बयान किए। जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए देर शाम दोबारा इमाम बारगाह पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल लोग हजरत अली की शान में नारे लगाते हुए चल रहे थे। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पानी, शर्बत, जूस, कोल्ड ड्रिंकस व मिठाई का वितरण कर जुलूस का स्वागत किया। जुलुस की अध्यक्षता तारिक रजा व संचालन जामिन अब्बास ने किया। इस दौरान मोहम्मद हैदर, वजीर अस्करी, अब्बास अली, मोहम्मद मुस्तुफा, नदीम अब्बास ,इमरान हैदर, महबूब असगर, इमरान अब्बास, शजर अब्बास, अब्बास अली, जहीर अब्बास, शाने अली, कौसर अब्बास, शाह आलम, परवेज एजाज अब्बास, गुलरेज अख्तर, अब्बास मोहम्मद याहिया, शबी अब्बास आदि मौजूद रहे। वहीं, ईद-ए-गदीर को लेकर शिया समुदाय के लोगों में जश्न का माहौल रहा। घरों में नजर-ओ-नियाज कर मौला अली ताजपोशी का खुशियां मनाई गईं।

# बिना चालक के दौड़ा ट्रैक्टर, तीन घायल

## मौके पर मची चीख पुकार, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जरा सोचिए, आप सड़क किनारे सुकून से खड़े हैं और अचानक एक बिना ड्राइवर का यमराज (ट्रैक्टर) आपकी तरफ बढ़ने लगे। ऐसा ही एक रौंगटे खड़े कर देने वाला खौफनाक मंजर रहरा अड्डा पर देखने को मिला।

शुक्रवार को शेखुपुर झकडी निवासी जय शंकर पुत्र खचेडू रहरा अड्डादरअसल, ट्रैक्टर का ड्राइवर अपनी गाड़ी को स्टार्ट छोड़कर किनारे दुकान पर चाट-समोसे का लुत्फ उठा रहा था। इसी बीच, फिल्म श्जानी दुश्मनश के विलेन की तरह एक सिरफिरे शख्स की एंट्री होती है। उसने बिना सोचे-समझे स्टार्ट ट्रैक्टर का गियर बॉक्स हिला दिया। फिर क्या था। लोहा साक्षात काल बन गया। बेकाबू हुआ भारी-भरकम ट्रैक्टर दहाड़ते हुए सीधे ई-रिक्शा और रेहड़ी-ठेले में जा घुसा। जिससे ई रिक्शा चालक अनवार निवासी कनेटा रोड, लाला पुत्र धर्म सिंह रहरा अड्डा व मोहम्मद शाहिद पुत्र भूल्लन घायल हो गये। और मौके पर चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि ट्रैक्टर किसी खाई या बड़ी भीड़ में नहीं घुसा, वरना बड़ा हादसा घटित हो सकता था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जीएमएस में लगाये गये एक हजार पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में 1000 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अलका चौधरी ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन शाहनवाज अली और ग्रुप डायरेक्टर डॉ. हरीश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए पौधारोपण किया और हरित पर्यावरण-सुरक्षित भविष्यष्का संदेश दिया।

